भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में आयोजित
हिंदी पखवाड़ा- 2026 का संक्षिप्त विवरण

संस्थान में दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2026 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े का समापन समारोह 28 सितंबर, 2026 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित संस्थान निदेशक एवं मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने समस्त कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग शत-प्रतिशत करना चाहिए। संविधान सभा द्वारा सर्वसम्मति से 14 सितंबर,1949 को हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में मान्यता दी गयी। सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग करना तथा राजभाषा हिंदी का प्रचार- प्रसार करना तथा इस कार्य में अपना योगदान देना हमारा संवैधानिक एवं नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सभा का ध्यान आकृष्ट किया। इस पखवाड़े की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को अपना समस्त कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का भी धन्यवाद किया।

उद्घाटन सत्र में संस्थान की कुलसचिव श्रीमती मोनाली सेन ने सभी का अभिवादन करते हुए पखवाड़े के दौरान आयोजित समस्त प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण साझा किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिकों का विवरण इस प्रकार है:- (1) टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में श्री रुद्रदेव शर्मा,तकनीशियन; श्री नवनीत कुमार ,बहु कार्य कमी; श्री सागर थापा, तकनीशियन; श्री अमित कुमार, तकनीशियन; (2) राजभाषा शब्द ज्ञान प्रतियोगिता में श्री आशीष कुमार, वरिष्ठ तकनीशियन; श्री अरुण तोपाल बहु कार्य कमी; सुश्री कीर्ति रावत, अवर श्रेणी लिपिक;श्री रुद्रदेव शर्मा, तकनीशियन; (3) अनुवाद ज्ञान प्रतियोगिता में श्री रुद्रदेव शर्मा, तकनीशियन; श्री मोहम्मद हारुन, तकनीशियन; श्री अजय डबराल, तकनीकी सहायक; श्री आशीष कुमार, वरिष्ठ तकनीशियन; (4) हिंदी टंकण प्रतियोगिता में श्री कीर्ति रावत, अवर श्रेणी लिपिक; श्री रुद्रदेव शर्मा, तकनीशियन; श्री विकास कुमार, बहुकार्य कर्मी; श्री राम मूरत सिंह, बहुकार्य कर्मी; (5) स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में श्री सुधान सिंह कैंतुरा, शोधार्थी; श्री सागर थापा, तकनीशियन; श्रीमती मैत्री, तकनीकी सहायक (रेडियोग्राफर); श्रीमती सोनाली ढौंडियाल; तथा (6) आशुभाषण प्रतियोगिता में श्री दीनबंधु चौबे, तकनीकी सहायक; श्री नवनीत कुमार, बहु कार्यकर्मी; श्री संजीव खुगशाल, अवर सचिव; श्री रुद्रदेव शर्मा, तकनीशियन।

कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के दौरान राजभाषा क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक कार्यालयों तथा अनुसंधान कार्यालयों में से कुलसचिव कार्यालय तथा वन संवर्धन एवं प्रबंधन प्रभाग को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस समापन समारोह में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारीगण, वैज्ञानिकगण, प्रभारी अधिकारी, तकनीकी सेवा के अधिकारी, अनुभाग अधिकारी तथा कर्मचारी एवं शोधार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का समस्त संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया। श्री दिनेश चंद्र, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा श्री अमन रावत, बहुकार्य कर्मी ने भी उपरोक्त कार्यक्रम में सहयोग किया।

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर


हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2026

हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा



हिन्दी पखवाड़ा

हिन्दी पखवाड़ा







हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2026

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2026
आयोजक : हिन्दी अनुभाग

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2026

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 28 सितम्बर 2026
आयोजक : हिन्दी अनुभाग